अमर उजाला

बरेली
शुक्रवार, 4 जुलाई 2025
आषाढ़ शुक्ल-नवमी
विक्रम संवत-2082

**PAGE NO 7 : TOP**

# पूल कैंपस में बीटेक विद्यार्थियों किया प्रतिभाग



बरेली(वि)। श्री राममूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के ट्रेनिंग, डेवलपमेंट एंड प्लेसमेंट विभाग में एसएलएमजी बेवरेजेस प्राइवेट लिमिटेड की ओर से एक पूल कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। यह ड्राइव बीटेक (इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग) और एमबीए के 2025 बैच के विद्यार्थियों के लिए रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ ट्रेनिंग डेवलपमेंट एंड प्लेसमेंट के निदेशक अनुज कुमार ने प्रतिनिधियों का स्वागत किया। असिस्टेंट एचआर मैनेजर ने उपस्थित अभ्यर्थियों को एसएलएमजी बेवरेजेस के बारे में जानकारी दी। कुल नौ विद्यार्थियों ने भाग लिया। कंपनी ने अपनी चयन प्रक्रिया में लिखित योग्यता परीक्षा, उसके बाद समूह चर्चा (ग्रुप डिस्कशन) और व्यक्तिगत साक्षात्कार (पर्सनल इंटरव्यू) का आयोजन किया। प्रारंभिक चरणों के बाद, दो विद्यार्थियों को अंतिम चर्चा के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया। अंतिम चयन की घोषणा कुछ दिनों में की जाएगी। इस दौरान शोभित कुमार सक्सेना, शाइस्ता कमर जैदी, रिया मेरी रेजी, राहुल सक्सेना आदि मौजूद रहे। संवाद